**उपायुक्त-सह-अध्यक्ष, जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट, गोड्डा अध्यक्षता में दिनांक-27.06.2024 को सम्पन्न जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट, गोड्डा की प्रबंधकीय समिति की बैठक की कार्यवाही:-**

1. उपस्थिति- बैठक पंजी में संधारित है।
2. सर्वप्रथम उपायुक्त-सह-अध्यक्ष, जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट, गोड्डा के द्वारा बैठक में उपस्थित प्रबंधकीय समिति के सभी सदस्यों का स्वागत किया गया। तत्पश्चात बैठक की कार्रवाई प्रारम्भ की गई।
3. **वित्तीय वर्ष 2023-24 में स्वीकृत योजनाओं के संबंध में चर्चा।**

क) जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट के वित्तीय वर्ष 2023-24 में संलग्न सूची के अनुसार स्वीकृत वैसी सभी योजनायें, जिन्हें न्यास परिषद से पारित किया जाना है, का आवलोकन कर समीक्षा की गई। समीक्षोपरांत पाया गया कि स्वीकृत योजनायें ग्रामसभा से पारित है तथा संबंधसित प्रखंड विकास पदाधिकारियों द्वारा योजना को उपयोगी एवं आवश्यक प्रतिवेदित किया गया। यह भी पाया गया कि योजनाऐं लगभग सभी प्रक्षेत्रों यथा- स्वास्थ्य, शिक्षा, पेयजल, कौशल विकास, आधारभूत संरचना इत्यादि से संबंधित है, जिसकी आवश्यकता समग्र विकास की दृष्टिकोण से आवश्यक एवं जनउपयोगी है। योजनाओं का कार्यान्वियन स-समय पूर्ण करने का भी निदेश दिया गया, ताकि आम जन-मानस को योजनाओं का लाभ यथाशीघ्र मिल सके।

समीक्षोपरान्त सर्वसम्मति से संलग्न सूची के अनुसार वित्तीय वर्ष 2023-24 में स्वीकृत योजनाओं को आगामी न्यास परिषद की बैठक में पारित कराने का निर्णय लिया गया। योजनाओं की सूचि परिशिष्ट- 'क' के रूप में संलग्न है।

ख) समीक्षा के क्रम जिला शिक्षा पदाधिकारी, गोड्डा द्वारा सरकारी विद्यालयों के कक्षा 09 से 12 तक अध्ययनरत 2000 छात्रों को ऑनलाईन Two-way digital Live Classroom के द्वारा शिक्षण एवं मार्गदर्शन तथा प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी जैसी सुविधा उनके निवास स्थल पर ही प्रदान करने संबंधी योजना की स्वीकृति दी गई है। समीक्षोपरांत योजना को सरकारी विद्यालयों के कक्षा 09 से 12 तक अध्ययनरत आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों जिनकी पहूच डिजिटल संसाधनों तक आसान नही है, को उपयोगी पाया गया एवं अनुमोदन हेतु न्यास परिषद की बैठक में पारित करने हेतु प्रस्ताव पारित किया गया।

*(अनुपालनः- नोडल पदाधिकारी, DMFT, गोड्डा/सभी कार्यकारी एजेंसी DMFT)*

**4. वित्तीय वर्ष 2024-25 के वार्षिक कार्य योजना के संबंध में चर्चा।**

जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट के वित्तीय वर्ष 2024-25 के वार्षिक कार्य योजना के आवलोकन कर समीक्षा की गई। वार्षिक कार्य योजना में शामिल योजनाएं ग्रामसभा से पारित है एवं लगभग सभी प्रक्षेत्रों यथा- स्वास्थ्य, शिक्षा, पेयजल, कौशल विकास, आधारभूत संरचना इत्यादि से संबंधित है, जिसकी आवश्यकता समग्र विकास की दृष्टिकोण से आवश्यक प्रतीत होता है। विचारोंपरान्त सर्वसम्मति से वित्तीय वर्ष 2024-25 के वार्षिक कार्य योजना पारित करने का निर्णय लिया गया। योजनाओं की सूचि परिशिष्ट- 'ख' के रूप में संलग्न है।

समीक्षा के क्रम में जिला अन्तर्गत सदर अस्पताल गोड्डा, *DMFT* मद से महागामा अनुमंडल मुख्यालय में निर्मित 50 बेड अस्पताल को अनुमंडल अस्पताल का दर्जा देने एवं सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों को आदर्श सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के रूप में विकसित करने के निमित्त विस्तृत आक्कलन एवं *DPR* तैयार करने हेतु प्रशासनिक व्यय मद से बाह्यश्रोत से Consultant का सेवा प्राप्त करने का प्रस्ताव पारित किया गया।

समीक्षा के क्रम सिविल सर्जन, गोड्डा द्वारा बताया गया है कि पारा कर्मियों के कमी के कारण चिकित्सा सेवा प्रभावित हो रही थी, जिसके आलोक में रिक्त पदों के विरूद्ध रोस्टर स्वच्छ करने के उपरांत 34 पारा कर्मियों की संविदा आधारित सेवा DMFT मद से ली जा रही है एवं पूर्व से कार्यरत 41 चिकित्सा कर्मियों की सेवा का अवधि विस्तार करने का भी प्रस्ताव रखा गया। समीक्षोपरान्त पाया गया कि पूर्व से कार्यरत सभी कर्मियों की सेवा संतोषप्रद रहा है एवं इनकी सेवा की आवश्यकता है। तदनुसार सर्वसम्मति से प्रस्ताव को पारित करते हुए न्यास परिषद के अनुमोदन हेतु रखने का प्रस्ताव पारित किया गया।

*(अनुपालनः- सिविल सर्जन, गोड्डा/नोडल पदाधिकारी, DMFT, गोड्डा )*

**4. वित्तीय वर्ष 2022-23 के अकेक्षण प्रतिवेदन के संबंध में चर्चा।**

जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट के वित्तीय वर्ष 2022-23 के अंकेक्षण प्रतिवेदन की समीक्षा की गई। उक्त अंकेक्षण कार्य Kadmawala &co, Ranchi के द्वारा किया गया है। अंकेक्षण कार्य DMFT के कार्यालय एवं DMFT के अन्तर्गत सभी कार्यकारी एजेन्सियों का किया हुआ पाया गया।

समीक्षोपरान्त सर्वसम्मति से वित्तीय वर्ष 2022-23 के अंकेक्षण प्रतिवेदन को पारित करने का निर्णय लिया गया। अंकेक्षण प्रतिवेदन परिशिष्ट- 'ग' के रूप में संलग्न है।

*(अनुपालनः- नोडल पदाधिकारी, DMFT, गोड्डा )*

**5. DMFT कार्यालय, गोड्डा में कार्यरत PMU के पुर्नगठन के संबंध में चर्चा।**

DMFT कार्यालय, गोड्डा में वाह्य कर्मियों से PMU संचालित किये जाने हेतु निविदा के माध्यम से PMU का नये सिरे से पुनर्गठन हेतु दिनांक-29.01.2024 को सम्पन्न निविदा निस्तार

समिति की बैठक द्वारा सर्वसम्मति से Swisstech Infra & Consulting Pvt Ltd के निविदा प्रस्ताव को RFP के प्रावधानों एवं शर्त्तो एवं मूल्यांकन प्रक्रिया के तहत न्यूनतम पाते हुए चयनित एजेन्सी को माह मार्च, 2024 के प्रभाव से कार्य करने का आदेश दिया गया है, जिसका घटनोत्तर स्वीकृति का प्रस्ताव दिया गया है। उक्त के निमित DMFT कार्यालय, गोड्डा में कार्यरत PMU के पुर्नगठन पर सर्वसम्मति से न्यास परिषद के अनुमोदनार्थ प्रस्ताव पारित किया गया।

*(अनुपालन:-नोडल पदाधिकारी, DMFT, गोड्डा/ DMFT PMU, Godda)*

अंत में सधन्यवाद बैठक की कार्रवाई समाप्त की गई।

| | | | |
|---|---|---|---|
| नोडल पदाधिकरी, जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट, गोड्डा। | जिला खनन पदाधिकारी, गोड्डा। | जिला पंचायती राज पदाधिकारी, गोड्डा। | असैनिक शल्य चिकित्सा पदाधिकारी, गोड्डा। |
| वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गोड्डा। | उप विकास आयुक्त-सह-सदस्य सचिव, जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट, गोड्डा। | पुलिस अधीक्षक, गोड्डा। | उपायुक्त-सह-अध्यक्ष, जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट, गोड्डा। |

ज्ञापांक :-........../डी०एम०एफ०टी०, गोड्डा        दिनांक- ....................

प्रतिलिपि:- संबंधित सभी पदाधिकारी, गोड्डा जिला को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

उपायुक्त-सह-अध्यक्ष,
जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट,
गोड्डा।